एक नजर

26 को रावण वध ,विशाल आयोजन

निंदूरा, बाराबंकी। टिकैतगंज की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ बुधवार, 21 अक्टूबर से हो रहा है। 26 अक्टूबर को रावण वध के साथ ही भव्य दशहरा मेले का आयोजन होगा।इस बार रामलीला का मुख्य आकर्षण राम-रावण युद्ध और मानव श्रृंखला द्वारा समुद्र पर सेतु निर्माण का जीवंत मंचन होगा। कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार, 27 अक्टूबर को भगवान राम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन होगा। आयोजकों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

नम आंखों से दी माँ दुर्गा को विदाई, शारदा नहर में हुआ विसर्जन

निंदूरा, बाराबंकी। क्षेत्र के बहरौली, बेहड़पुरवा, मुनीमपुर बरतरा, दौलतपुर समेत आधा दर्जन गांवों में स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का मंगलवार को विसर्जन किया गया।साइफन स्थित शारदा नहर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन के बाद नम आंखों से माँ को विदाई दी और सुख-समृद्धि की कामना की। विसर्जन यात्रा के दौरान श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भजनों पर झूमते नजर आए। कुर्सी और टिकैतगंज में श्रीश रावत व अन्य श्रद्धालुओं ने प्रसाद का वितरण किया।

कुंडवा चौराहे पर सांडों की जंग से 20 मिनट तक थमा लखनऊ-महंमूदाबाद हाईवे, दो बाइक क्षतिग्रस्त

टिकैतगंज, बाराबंकी। निंदूरा विकासखंड का छुट्टा गोवंश का संकट जानलेवा होता जा रहा है। बुधवार सुबह 8–30 बजे टिकैतगंज के कुंडवा चौराहे पर दो आवारा सांडों की लड़ाई से लखनऊ-महंमूदाबाद मार्ग पर अफरातफरी मच गई। करीब 20 मिनट तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। आपस में भिड़ते सांडों ने सड़क किनारे खड़ी दो बाइकों को क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।**500 मीटर पर बीडीओ ऑफिस, फिर भी सड़कों पर मौत बनकर घूम रहे गोवंश**सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि घटना स्थल से महज 500 मीटर की दूरी पर खंड विकास कार्यालय और पशु चिकित्सा अधिकारी का कार्यालय है। क्षेत्र में आधा दर्जन गौशालाओं के कागजी दावे के बावजूद सड़कों पर सैकड़ों निराश्रित गोवंश मौत बनकर घूम रहे हैं।मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बाद सितंबर में शुरू किया गया 5 दिवसीय गोवंश संरक्षण अभियान महज 2 दिन में ही दम तोड़ गया। उसके बाद से कोई अभियान नहीं चला। क्षेत्र में अब तक गोवंश के हमले में अनेक लोग घायल हो चुके हैं और कई अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन न तो विकासखंड प्रशासन गंभीर है और न ही जिले के जिम्मेदार अधिकारी।ग्रामीणों ने पूछा है कि आखिर प्रशासन चाहता क्या है? किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार?इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अमन कुमार वर्मा से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष नहीं मिल सका। विडंबना सरकारी फोन से नौकरशाही को परहेज कम नहीं हो रहा।

एसपी रवीना ने किया पुलिस कार्यालय का निरीक्षण

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी पेशी, प्रधान लिपिक, वाचक कार्यालय, आंकिक शाखा, आईजीआरएस सेल, सीसीटीएनएस, डीसीआरबी, विशेष जांच प्रकोष्ठ और हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। इस दौरान महत्वपूर्ण रजिस्टरों, फाइलों और शासकीय अभिलेखों के रखरखाव के साथ लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यालय में साफ-सफाई बनाए रखने तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को अनुशासन का पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही फरियादियों के साथ शालीन और सहयोगात्मक व्यवहार करने की हिदायत दी।

शहीद पुलिस कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि

बाराबंकी। पुलिस स्मृति दिवस पर बुधवार को पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी ने रिजर्व पुलिस लाइंस के परेड ग्राउंड स्थित शहीद स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विवेक तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक नगर आफताब आलम, क्षेत्राधिकारी सदर संगम कुमार, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने देश और जनसेवा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले जवानों को नमन किया।

मकान नंबर प्लेट का 80 रुपये शुल्क पर विरोध, निःशुल्क लगाने की मांग

बाराबंकी। नगर पंचायत जैदपुर के सभी 17 वार्डों में गृहकर और जलकर से संबंधित मकानों पर लगाई जा रही नंबर प्लेट के लिए 80 रुपये शुल्क वसूले जाने पर सभासदों ने आपत्ति जताई है। सभासदों ने अधिशासी अधिकारी अनुपम सिंह को पत्र देकर शुल्क को अधिक बताते हुए इसे गरीब परिवारों पर अतिरिक्त बोझ करार दिया।सभासद ताहिर अंसारी के संज्ञान में मामला आने के बाद सभासदों ने नंबर प्लेट नि:शुल्क लगाने अथवा शुल्क घटाकर 40 रुपये करने की मांग की है।सायम मेहंदी, शाह आलम, नसीम उर्फ शाहरुख और अबसार अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पीईटी-2026 की परीक्षा छह पालियों में, 14 केंद्र निर्धारित

बाराबंकी। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में बैठक हुई। जिले में 25 और 30 अक्टूबर तथा एक नवंबर को 14 केंद्रों पर छह पालियों में परीक्षा आयोजित होगी। प्रत्येक पाली में 4,656 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इस तरह कुल 27,936 अभ्यर्थी-पाली आवंटन निर्धारित है।

पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक होगी। जिलाधिकारी ने केंद्रों पर पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधाओं और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने पर जोर दिया। बैठक में एडीएम निरंकार सिंह, एएसपी रितेश कुमार सिंह, डीआईओएस अमिता सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

रामकथा में जुटे एक हजार श्रद्धालु

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में इस्कॉन काठमांडू की ओर से आयोजित रामकथा में करीब एक हजार श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पहुंचकर श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। कथा के दौरान भक्ति, आध्यात्मिकता और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था देखने को मिली। आयोजन से जुड़े पत्री दास ने भक्ति योग, आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। आध्यात्मिक वक्ता, लेखक, कवि और संगीतकार के रूप में पहचान रखने वाले पत्री दास युवाओं और विद्यार्थियों के बीच भी दर्शन एवं नैतिक शिक्षा से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन करते हैं।रामकथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। अयोध्या के धार्मिक वातावरण में कथा श्रवण को श्रद्धालुओं ने विशेष अनुभव बताया।इस आयोजन के माध्यम से अयोध्या और काठमांडू के बीच आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को प्रगाढ़ करने का प्रयास किया गया।

समस्याओं का निराकरण न होने नर्सिंग कर्मचारियों कर्मचारियों में आक्रोश

राजकीय नर्सिंग संघ ने शासन को दिया अल्टीमेटम

सीतापुर। राजकीय नर्सिंग संघ, उत्तर प्रदेश ने नर्सिंग संवर्ग की लंबित 13 सूत्रीय मांगों और विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर आंदोलन का ऐलान किया है। संघ की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मांगों के समर्थन में प्रदेशभर के नर्सिंग कर्मचारी चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसी क्रम में सीतापुर जनपद के नर्सिंग कर्मचारी भी आंदोलन में शामिल होंगे। संघ का कहना है कि नर्सिंग संवर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए शासन और प्रशासन से लगातार अनुरोध किया जा रहा है, लेकिन अभी तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। इससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। संघ ने शासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है।**चार चरणों में होगा संघ का आंदोलन**राजकीय नर्सिंग संघ की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, 9 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न चरणों में विरोध प्रदर्शन किया जाना प्रस्तावित है। पहले चरण में 9 अक्टूबर से प्रदेश के सभी चिकित्सालयों में नर्सिंग कर्मचारी विरोध स्वरूप काला फीता बांधकर राजकीय कार्य संपादित करेंगे। दूसरे चरण में 21 अक्टूबर से प्रात: 8 बजे से 10 बजे तक दो घंटे का कार्य बहिष्कार कर चिकित्सालय परिसर में एकत्र होकर शासन एवं प्रशासन के प्रति विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर अध्यक्ष शशिलता, मंत्री सुशीला वर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती सीता, उपाध्यक्ष शशी अग्निहोत्री, उप उपाध्यक्ष कुमुद पाल, उपाध्यक्ष शिक्षा, संयुक्त मंत्री कामिनी, आडिटर सुमति मिश्रा, मीडिया प्रभारी दीपिका, कोषाध्यक्ष नीरज आदि स्टाफमौजूद रहा। वहीं तीसरे चरण में 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से स्वास्थ्य महानिदेशालय पर प्रदेशभर के नर्सिंग संवर्ग द्वारा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। चौथे चरण में 22 अक्टूबर तक मांगों का निराकरण न होने अथवा आवश्यक शासनादेश जारी नहीं होने की स्थिति में प्रदेशभर में प्रात: 8 बजे से 10 बजे तक कार्य बहिष्कार जारी रखने की चेतावनी दी गई है।**प्रमुख मांगों में पदोन्नति, रिक्त पदों पर भर्ती और कैडर पुनर्गठन शामिल**संघ ने नर्सिंग कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए कई प्रमुख मांगें उठाई हैं। इनमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन कार्यरत नर्सिंग संवर्ग की तैनाती नई जनपद व्यवस्था के अनुरूप किए जाने, विभिन्न संस्थानों में समान अवसर उपलब्ध कराने और नर्सिंग कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नति देने की मांग शामिल है। संघ ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत नर्सिंग संवर्ग को एसजीपीजीआई, केजीएमयू, आरएमएलआईएमएस, लखनऊ और अन्य चिकित्सा संस्थानों की भांति सुविधाएं प्रदान करने की मांग भी रखी है। इसके अतिरिक्त नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर नियुक्तियां करने, पुराने पदों को भरने तथा कैडर का पुनर्गठन करने पर जोर दिया गया है। मांगपत्र में वर्ष 2010 से पूर्व से रिक्त उच्च पदों को पदोन्नति के माध्यम से भरने, पुरानी पेंशन बहाली की मांग तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से एसीपी और अन्य लाभ दिए जाने का मुद्दा भी उठाया गया है। संघ ने शासन से मांग की है कि सभी 13 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर आवश्यक शासनादेश जारी किए जाएं, ताकि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान हो सके। संघ की ओर से जारी पत्र संबंधित अधिकारियों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया है। सीतापुर में भी आंदोलन के कार्यक्रम को लेकर नर्सिंग कर्मचारियों के बीच तैयारी की जा रही है।

जीआईसी से निकली मां दुर्गा की शोभायात्रा

अयोध्या। रामनगरी में मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं की भव्य विसर्जन शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ जीआईसी मैदान से निकली। आयोजकों के अनुसार, शोभायात्रा में करीब 150 प्रतिमाएं शामिल हैं। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की धुन पर महिलाओं के नृत्य से वातावरण भक्तिमय हो गया।शोभायात्रा में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी शामिल हुए। सपा के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय 'पवन' ने भी मां दुर्गा के दर्शन किए। **निर्मली कुंड में विसर्जन**-शोभायात्रा फतेहगंज, सुभाषनगर, बजाजा चौक, रिकाब गंज और सिविल लाइंस होते हुए गुप्तार घाट स्थित निर्मली कुंड पहुंचेगीं ।

स्व. दादा गजेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि पर आज हसनपुर में जुटेगा सियासी संगम

बाराबंकी। जिले की सियासत और विकास की नींव रखने वाले पूर्व विधायक, विकास पुरुष स्व. दादा गजेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि कल 22 अक्टूबर को उनके पैतृक गांव हसनपुर पहाड़पुर में धूमधाम से नहीं, बल्कि श्रद्धा और संकल्प के साथ मनाई जाएगी।यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र विक्रम बहादुर सिंह **दद्दू** व रणधीर सिंह सुमन एडवोकेट ने बताया कि स्व. दादा गजेन्द्र सिंह ने जिस बाराबंकी को गढ़ा, वह आज उन्हें याद करने को आतुर है।**रामनगर से लेकर घाघरा तक, हर ईंट पर है दादा का नाम** स्व. दादा गजेन्द्र सिंह केवल एक विधायक नहीं, बल्कि पूरे जनपद के विकास के शिल्पी थे।**घाघरा का संजय सेतु** जो आज तराई को जिले से जोड़ता है, वो दादा की ही दन है।सुमली **नदी पर पुल** जिसे असंभव माना जाता था, उसे दादा ने संभव कर दिखाया। **रामनगर तहसील की स्थापना**- रामनगर को तहसील का दर्जा दिलाकर उन्होंने पूरे क्षेत्र की प्रशासनिक तस्वीर बदल दी।**शिक्षा की अलख** रामनगर डिग्री कॉलेज और सूरतगंज में राजकीय इंटर कॉलेज जैसे शिक्षा के मंदिर उनके ही प्रयासों से खड़े हुए हैं।आज जब जनप्रतिनिधि घोषणाओं में उलझे हैं, दादा ने जो किया वो धरातल पर दिखता है।**कल दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जुटेंगे दिग्गज**पुण्यतिथि का सबसे बड़ा संदेश है – व्यक्ति चला जाता है, विचारधारा नहीं। दादा के सम्मान में कल मंच पर सत्ता-पक्ष, विपक्ष सब एक साथ होंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप, बाराबंकी के कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो. मोहसिन, बहराइच से शैलेंद्र कुमार सिंह, भाकपा सचिव बृजमोहन वर्मा सहित जिले के तमाम जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन कुमार वैश्य करेंगे, जबकि संचालन की जिम्मेदारी वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद तारिक खान निभाएंगे।संयोजकों ने जिले के सभी लोगों से अपील की है कि जो भी दादा के विकास कार्यों का लाभार्थी रहा है, वह कल हसनपुर पहाड़पुर पहुंचकर विकास पुरुष को अपनी श्रद्धांजलि दे।

मोबाइल टावर पर चढ़ा पति, तीन घंटे तक तमाशा देखती रही भीड़

निंदूरा बाराबंकी। प्यार जताने का तरीका आपने बहुत देखा होगा, लेकिन नाराजगी जताने का ऐसा हाई-वोल्टेज ड्रामा शायद ही देखा हो। बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र के बाबा कुटी चौराहे पर मंगलवार शाम एक युवक पत्नी से झगड़ा होने के बाद सीधे 100 फीट ऊंचे एयरटेल के मोबाइल टावर पर चढ़ गया। फिर क्या था, पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और तीन घंटे तक हाई-वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। **लखनऊ से सीतापुर तक, बस से उतरकर चढ़ गया टावर पर** जानकारी के मुताबिक, सीतापुर जनपद के थाना सदरपुर के गांव समनापुर निवासी रोहित पुत्र इंद्रेश लखनऊ से बस में बैठकर अपने घर जा रहा था। रास्ते में फोन पर पत्नी से कहासुनी हो गई। पत्नी से रोहित इतना नाराज हुआ कि बड्डूपुर के बाबा कुटी चौराहे पर बस से उतर गया और सामने दिखे मोबाइल टावर पर बंदर की तरह चढ़ गया।युवक को टावर के ऊपर लटका देख राहगीरों के होश उड़ गए। देखते ही देखते सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। कसी ने वीडियो बनाना शुरू किया, तो किसी ने पुलिस को फोन लगा दिया।**पुलिस की मान-मनौव्वल के बाद उतरा नीचे** बड्डूपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। नीचे से पुलिस वाले लाउडस्पीकर से समझाते रहे! भाई नीचे आ जाओ और ऊपर युवक टावर पर बैठा पत्नी की बेवफाई पर आंसू बहाता रहा। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत, समझाने-बुझाने के बाद पुलिस ने उसे सकुशल नीचे उतारा।कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि युवक को कोतवाली लाकर समझाया गया और परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया गया है।**कभी लव मैरिज, कभी विदाई का ड्रामा ! टावर बना नया हथियार**क्षेत्र में चर्चा है कि पहले प्रेमी-प्रेमिका के लव मैरिज के ड्रामे होते थे, फिर ससुराल से पत्नी को विदा न करने पर हंगामा होता था। लेकिन अब नया ट्रेंड चला है – पत्नी से नाराज होते ही सीधे टावर पर चढ़ जाओ। पति-पत्नी का झगड़ा अब जमीन से उठकर टावर तक पहुंच गया है।

सरकारी जमीन पर लगे हजारों रूपये के पेड़ पूर्व प्रधान ने कटवाये

हरगांव (सीतापुर)। विकासखंड हरगांव के सुल्तानपुर ग्राम पंचायत में पंचायत भवन के पास सरकारी जमीन पर आंधी-बारिश से नीम और अन्य प्रजाति के करीब पांच पेड़ गिर गए थे। ग्रामीणों के मुताबिक इनकी कीमत 50 से 60 हजार रुपये थी। शनिवार को इन गिरे हुए पेड़ों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के काटा जा रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के एक पूर्व प्रधान व हिस्ट्रीशीटर की मदद से संबंधित विभागों के अधिकारियों की मिलीभगत से यह लकड़ी बेंची जा रही थी। शिकायत के बाद अधिकारियों ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान की मौत के बाद प्रशासक की जिम्मेदारी एडीओ पंचायत जय प्रकाश वर्मा की है। एडीओ पंचायत जय प्रकाश वर्मा ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में नहीं है। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल राजेश कुमार ने कहा कि यह पेड़ ग्राम पंचायत के प्रशासक द्वारा कटवाए जा रहे हैं ।

मनरेगा में 'रिकॉर्ड लूट' का खेल! तालाब में पानी, पोर्टल पर 59 मजदूर; निगरानी तंत्र पर सवाल

पखवाड़े भर की पड़ताल में तालाबों की खुदाई से लेकर रास्तों की सफाई तक में गड़बड़ी के आरोप, हाजिरी से भुगतान तक जांच की मांग

बाराबंकी। मनरेगा में रोजगार के नाम पर सरकारी धन खर्च हो रहा है या कागजों पर काम दिखाकर लाखों रुपये की बंदरबांट हो रही है? जिले में सामने आ रहे मामले इस सवाल को गंभीर बना रहे हैं। पानी से लबालब तालाबों की खुदाई और रास्तों की सफाई के नाम पर काम दर्ज होने, मजदूरों की हाजिरी में कथित हेराफेरी और सर्वर की समस्या का हवाला दिए जाने के आरोपों ने योजना की निगरानी व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। बनीकोडर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सादुल्लापुर का मामला इसकी ताजा बानगी है। यहां तालाब पानी से भरा है और उसमें सिंघाड़े की फसल तैयार हो रही है, लेकिन ऑनलाइन पोर्टल पर इसी तालाब की खुदाई का काम दर्ज है। मंगलवार को पोर्टल पर 59 श्रमिकों की हाजिरी दर्ज होने के बावजूद मौके पर एक भी मजदूर नहीं मिला। सवाल सीधा है—जब तालाब का अधिकांश हिस्सा पानी में डूबा है, तो खुदाई का काम कैसे और किस स्तर पर कराया जा रहा है? 59 श्रमिकों की उपस्थिति किस आधार पर दर्ज हुई और इसके सत्यापन की जिम्मेदारी किसकी थी? तालाब की पटरी पर घास साफ कर रहे ग्रामीण बलराम के मुताबिक, रोजाना करीब दस मजदूर आते हैं, लेकिन कुछ देर काम करने के बाद चले जाते हैं। ग्रामीण के इस बयान और पोर्टल पर दर्ज 59 श्रमिकों की हाजिरी के बीच का अंतर जांच की मांग करता है। मौके पर काम की स्थिति, मस्टर रोल, श्रमिकों की उपस्थिति और भुगतान का मिलान हो तो वास्तविकता सामने आ सकती है।**हाजिरी से लेकर निगरानी तक सवाल**ग्रामीणों का आरोप है कि जिले में पिछले पखवाड़े के दौरान मनरेगा के कई कार्यों में अनियमितताएं हुई हैं। तालाबों की खुदाई और रास्तों की सफाई के नाम पर लाखों रुपये के खर्च पर सवाल उठाए जा रहे हैं। निर्धारित ऐप के बजाय हाजिरी दर्ज करने में कथित गड़बड़ी और सर्वर की समस्या का हवाला दिए जाने के आरोप भी सामने आए हैं। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि अभिलेखों और स्वतंत्र जांच के बाद ही हो सकेगी।**जांच सिर्फ कागजों पर हुई तो कैसे खुलेगा राज?**ग्राम पंचायत सचिव रोहित वर्मा ने मामले की जांच कराने की बात कही है। लेकिन जांच का दायरा केवल सादुल्लापुर तक सीमित रखने के बजाय संबंधित अवधि में जिले के मनरेगा कार्यों, मस्टर रोल, ऑनलाइन हाजिरी, भुगतान और मौके पर कराए गए काम का मिलान करना जरूरी है। साथ ही यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि कार्यों का सत्यापन किस अधिकारी ने किया और कथित विसंगतियों के बावजूद भुगतान की प्रक्रिया कैसे आगे बढ़ी। ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए निगरानी तंत्र पर भी सवाल उठाए हैं। उनका तंज है कि पूर्णकालिक डीपीआरओ की व्यवस्था नहीं होने के बीच जिला विकास अधिकारी की भूमिका धृतराष्ट्र जैसी बनी रही। यह आरोप अपने आप में जांच का विकल्प नहीं, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब मांगने का आधार है। **अब जवाबदेही तय करने की बारी** मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराना और गांवों में उपयोगी परिसंपत्तियां तैयार करना है। ऐसे में यदि पोर्टल पर दर्ज काम और मौके की वास्तविक स्थिति में अंतर मिलता है, तो यह केवल हाजिरी का मामला नहीं, बल्कि सरकारी धन के इस्तेमाल और प्रशासनिक निगरानी की विश्वसनीयता का सवाल है। सादुल्लापुर में दर्ज 59 श्रमिकों की हाजिरी का सत्यापन इस पूरे मामले की पहली कसौटी है। अब देखना है कि जिम्मेदार विभाग रिकॉर्ड का मिलान कर वास्तविकता सामने लाते हैं या मामला जांच के आश्वासन तक ही सीमित रह जाता है।

एक नजर

मोबाइल शॉप में सेंध लगाकर चोरी

महमूदाबाद (सीतापुर)। महमूदाबाद चौकी नूरपुर से चंद कदम दूर एक मोबाइल शॉप में सेंध लगाकर चोरों ने करीब चार लाख कीमत के 36 मोबाइल पार कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नूरपुर की चौकी से चंद कदम की दूरी पर रेहान की मोबाइल दुकान है। मंगलवार की देर रात चोर पीछे की दीवार में सेंध लगाकर 36 मोबाइल उठा ले गए। मोबाइल की कीमत करीब चार लाख रूपए बताई जा रही है। कोतवाल सत्येंद्र विक्रम सिंह ने बताया बताया कि जानकारी मिली है, पुलिस टीम मौके पर साक्ष्य संकलित कर कार्रवाई कर रही है।

धूमधाम से हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

महमूदाबाद (सीतापुर)। शारदीय नवरात्र के मौके पर क्षेत्रभर में 204 से अधिक स्थानों पर स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्राएं विभिन्न स्थलों से गाजे-बाजे और बैंड-बाजों की धुन पर थिरकते, नाचते गाते, गुलाल उड़ाते, मां के गगनभेदी जयकारे लगाते महिला, पुरुषों, युवाओं और बच्चों की भारी भीड़ पवित्र चौका नदी के चंदौली घाट पहुंची। घाट पर श्रद्धा, भक्ति, उत्साह और विश्वास की भक्तिरूपी त्रिवेणी में जनसमूह हिलोरें मारने लगा।

श्रीराम ने किया रावण का वध, लगे जयश्री राम के नारे

महमूदाबाद (सीतापुर)। असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक श्री राम और रावण के युद्ध का मंचन मां संकटा देवी धाम के सांस्कृतिक मंच पर बाल कलाकारों द्वारा मंचित किया गया। रामलीला के अंतिम दृश्य को देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। मंच पर रावण को परास्त करने के पश्चात राम व लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले कलाकार ने परिसर में मौजूद विशालकाय रावण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया। रावण दहन देखने के लिये क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

शत्रु सम्पत्ति के पेड़ चोरी छुपे काटने का आरोप

महमूदाबाद (सीतापुर)।आंधी में गिरे पेड़ों के साथ शत्रु संपत्ति व खलिहान की भूमि पर लगे पेड़ राजस्व विभाग द्वारा कटवा दिए गए। मामले को तूल पकड़ता देख कुछ लकड़ी प्रशासन द्वारा तहसील मंगवाई गई जबकि ज्यादा मात्रा में लकड़ी मंडियों में ट्राला भरवाकर बेंच दी गई। इससे पूर्व भी मानापुर में गिरे सत्रु संपत्ति के पेड़ बिना नीलामी काट दिए गए। महमूदाबाद के टिकरा ग्राम पंचायत में शत्रु संपत्ति व खलिहान की भूमि पर यूके लिप्टिस के बड़ी संख्या में पेड़ लगे थे। 24, 25 व 26 सितंबर को तेज बारिश के साथ आए चक्रवाती तूफान में बड़ी संख्या में क्षेत्रभर पेड़ गिर गए थे। बताया जाता है कि करीब 110 से अधिक पेड़ क्षेत्रीय लेखपाल अनिरुद्ध द्वारा खड़े होकर कटवाकर मोटी उपयोगी लकड़ी बसुदहा के ठेकेदार मुजाहिद के हांथ बेच ट्राला भरवाकर जंहगीरबाद मंडी भिजवा दिया। मामले में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से शिकायत करने के साथ आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई। मामला तूल पकड़ने पर पतली लकड़ियां ट्रालियों में भरकर तहसील पहुंचाई जाने लगी। इससे पूर्व मानापुर में शत्रु संपत्ति की भूमि पर लगे करीब 30 पेड़ स्थानीय प्रधान ने बिना वन विभाग के मूल्यांकन व नीलामी के राजस्व विभाग की मिलीभगत से कटवा लिए थे। एसडीएम सुधीर कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है।

पथ संचलन आज

महमूदाबाद (सीतापुर)।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचलन गुरुवार को दोपहर तीन बजे से शुरू होगा। पथ संचलन मोतीपुर चौराहे से शुरू होकर बजाजा, रोडबेज बस स्टाप होकर मां संकटा देवी धाम पहुंचेगा और यहां से वापस मोतीपुर चौराहा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचेगा। शाम को सरस्वती शिशु मंदिर में शस्त्र पूजन होगा। यह जानकारी पीयूष वर्मा ने दी।

सार्वजनिन दुर्गोत्सव में महानवमी पूजन के बाद माँ को दी विदाई

सीतापुर। श्री-श्री सार्वजनिन दुर्गोत्सव आँख अस्पताल परिसर में महानवमी पूजा संपन्न हुआ। पूजा कमेटी की ओर से माँ दुर्गा का पूजन कुंवारी पूजन हवन व महाआरती करते हुए माँ को विदाई दी गयी। पश्चिम बंगाल के मिदनापुर से पधारे पुरोहित दुगा पदो चक्रवर्ती ने पदाधिकारियों के सहयोग के साथ पूजा संपन्न कराया। मंत्रोंउच्चारण व शंख घंटे व बंगाल के पारम्परिक वाद यंत्र ढाक की ध्वनि से वहा का वातावरण भक्ति मय हो गया। रोज की तरह माँ को समस्त श्रदलुओं ने पुष्प, बेल पत्र से पुष्पांजली अर्पित की। कुवारी पूजन के दौरान सभी महिलाओ ने कुवारी को मीठा खिलाते हुए भेट दी। इसके उपरांत सभी महिलाओं ने बारी-बारी से कुवारी कन्या की आरती उतारी। माँ को चावल, सात प्रकार की सब्जी, खीर का भोग लगाकर सभी श्रदालुओं को प्रसाद में वितरण किया गया। पुरोहित दुगा पदो चक्रवर्ती, रंजीत दास, नीता दास, डॉ प्रदीप राय, वंदना राय, राम लखन शुक्ला, ने हवन करके माँ को विदायी दी। इस दौरान सभी श्रद्धालुओ ने माँ के जयकारे लगाए। संध्याकाल में भव्य आरती का आयोजन किया गया। आरती के बाद सभी श्रदालुओ को बूंदी, लड्डू, हलुआ, पूड़ी, फ्ल का पैकेट प्रसाद में वितरण किया गया।

सरैंया में धूमधाम से हुई दुर्गा मूर्ति विसर्जित

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहले अतर्गत सरैंया राजा साहब के चौधरी चरण सिंह पार्क में 9 दिन से स्थापित भगवती दुर्गा के जागरण के पश्चात दुर्गा मूर्ति को धूमधाम से शाारदा सहायक नहर में प्रवाहित कर दिया गया। मूर्ति विसर्जनक समय रामपुर कला पुलिस भी मुस्तैद रही। मिली जानकारी अनुसार ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत सरैंया राजा साहब सहित खेत मंनी भीथरा माधव सहित ग्रामीण इलाकों में उत्सव पूर्वक प्रतिमाओं का विसर्जन विभिन्न ताल पोखरों और नदियों में किया गया।

हाईवे-30 पर ऑटो और कार की भिड़ंत, एक की मौत, तीन घायल

सिधौली (सीतापुर)। अटरिया थाना क्षेत्र में हाईवे-30 पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को ऑटो और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि ऑटो चालक समेत तीन लोग घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिधौली में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ऑटो लखनऊ की ओर से आ रहा था। इसी दौरान गलत दिशा से आ रही एक अज्ञात कार से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में ऑटो चालक संजय 34 निवासी उमरा, थाना अटरिया, रेहाना 30 और उसका पति मुन्ना 35 पुत्र वाजिद निवासी सहरूवा, थाना बिसवां घायल हो गये। वहीं हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस मृतक की पहचान करने और दुर्घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

भट्टपुर घाट पर प्रतिमाओं का विसर्जन

सिधौली (सीतापुर)। शारदीय नवरात्र के समापन पर मंगलवार को कस्बे में मां जगदंबा की प्रतिमाओं की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नौ दिनों तक पूजा-अर्चना के बाद मां को विदाई देने के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़े। डीजे, बैंड-बाजे और माता के जयकारों से कस्बे का वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा के बाद भट्टपुर घाट स्थित गोमती नदी में पुलिस-प्रशासन की देखरेख में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ कस्बे के विभिन्न देवी पंडालों से हुआ। महिला, पुरुष और बच्चे माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुन पर झूमते नजर आए। रास्ते में जगह-जगह कस्बावासियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा तहसील रोड, मिश्रिख मार्ग, महमूदाबाद चौराहा और बिसवां चौराहा होते हुए भट्टपुर घाट के लिए रवाना हुई। नगर पंचायत की ओर से साफ-सफाई की व्यवस्था की गई। वहीं पुलिस और प्रशासन की टीमें सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभालती रहीं। सिधौली कोतवाली पुलिस और यातायात पुलिस ने प्रमुख मार्गों पर व्यवस्था बनाए रखी, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। भट्टपुर घाट स्थित गोमती नदी तट पर पहुंचने के बाद धार्मिक अनुष्ठानों और मंत्रोच्चार के बीच मां जगदंबा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी और अगले वर्ष पुन: आगमन की कामना की। कोतवाली की महिला पुलिसकर्मियों ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सुरक्षा और जागरूकता संबंधी जानकारी भी दी। इस अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक मनीष रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष गंगाराम राजपूत, एसडीएम अवनीश कुमार, क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव, कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह और कस्बा इंचार्ज हरिश्चंद्र यादव सहित पंकज ,अन्ना गुप्ता समेत हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।